विद्या-वेदवाणी ब्राह्मण अर्थात् वेदज्ञ विद्वान् के पास आयी और बोली—निरन्तर स्वाध्याय व कुल-परम्परा में पठन-पाठन के द्वारा तू मेरी सदा रक्षा करते रहना, क्योंकि तेरी निधि तो मैं ही हूं। तू मुझे कामी, कुटिल, कदाचारी और ईर्ष्यालु के हाथ में मत पड़ने देना, ताकि मेरी शक्ति और सामर्थ्य सदा बनी रहे।

(मन्त्र के उत्तरार्ध की ध्वनि धीरे-धीरे मद्धिम पड़ती है
और ये श्लोक सुनाई देने लगते हैं)

वाक् और अर्थ का वर देने वाली, रम्य इसीलिए नित्य नवीन तथा वाणी और अर्थ में ही जिसका प्रत्यक्ष रूप प्रकट हो रहा है अथवा जो वाक् और अर्थ या शब्दार्थ की जीती-जागती मूर्ति है, जो प्रकाशस्वरूप है, या भारोपीय भाषाएं ही जिसका स्वरूप हैं, वह भव्य भारती सज्जनों के लिए सदा श्रेयस्करी हो ॥ १ ॥

जिसने यूरोप के लोगों को, वहां के सम्राटों-सम्राज्ञियों, राजाओं-राजपरिवारों तथा राज्याधिकारियों को भारत के (उदात्त) चरित्र और यहां की प्रज्ञा से परिचित करवाया ॥ २ ॥

जिसनें सायण भाष्य के साथ सम्पूर्ण ऋग्वेद प्रकाशित किया, आज सारे विश्व में उस मोक्षमूलर भट्ट का यश फैल रहा है ॥ ३ ॥

(इस नान्दी-मंगलाचरण-के बाद सूत्रधार
और नटी का प्रवेश)

सूत्रधार—आर्ये ! सुप्रभातम्।

नटी—सुप्रभातम्, नाट्यविशारद ! यह क्या पुस्तक है ? (पुस्तक को देखकर) वाह, आजकल महात्माजी की आत्मकथा पढ़ी जा रही है।

सूत्रधार—क्यों नहीं, पूज्य बापू ने अपनी इस आत्मकथा में मेक्समूलर की एक पुस्तक की विशेषरूप से चर्चा की है। महात्माजी ने लिखा है कि अफ्रीका में रहते हुए उन दिनों मैंने "भारत से हम क्या सीखें" नामक मेक्समूलर

की पुस्तक बड़े चाव और उल्लास के साथ पढ़ी थी।

नटी—और हां—

मैंने भी 'स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है और मेरे उस अधिकार को कोई नहीं छीन सकता', इस महामन्त्र के उद्घोषक लोकमान्य तिलक के जीवन में पढ़ा है कि मेक्समूलर के आवेदन करने पर सम्राज्ञी विक्टोरिया ने उन्हें (लोकमान्य तिलक को) जेल से छोड़ देने की आज्ञा प्रचारित की थी ॥१४॥

सूत्रधार—हां, याद आया, उसी महाप्राण मोक्षमूलर भट्ट के जीवन का परिचायक 'मोक्षमूलर वैदुष्यम्' नामक भवानीशंकर त्रिवेदी का रचा हुआ नया नाटक हम आज प्रस्तुत करने जा रहे हैं। तो सब कलाकार तैयार हो जाएं।

(सभा की कानाफूसी के बीच वेदमन्त्र की-सी ध्वनि सुनाई देती है।)

हैं, यह क्या, मेरे निवेदन करते-करते ही यह कैसी ध्वनि सुनायी देने लगी। (कान लगाकर) हां, समझ गया—यह तो ग्रामोफोन बनाने वाली कंपनी की इस प्रार्थना पर कि एडीसन के इस नये आविष्कार के द्वारा हम सबसे पहले आपके सारे विश्व को उद्बोधन देनेवाले वचनों को ही रिकार्ड करना चाहते हैं, स्वयं मोक्षमूलर वेदमन्त्र पढ़ रहे हैं ॥५-६॥

(इति प्रस्तावना)

पहला दृश्य

स्थान—ग्रामोफोन कम्पनी की ओर से लन्दन में आयोजित सभा। रेकार्डिंग उपकरण भी दिखायी पड़ते हैं।

(यन्त्र के सामने मोक्षमूलर—'ॐ अग्निमीळे' इत्यादि मन्त्र पढ़ रहे हैं।)

आयोजक—वेदज्ञवर, आज आपने हमारे ग्रामोफोन के लिए सर्वप्रथम वेदवाणी रिकार्ड करवायी। आपसे वेदमन्त्र सुनकर हम कृतकृत्य हुए।

मोक्ष : यह तो स्वाभाविक ही था, क्योंकि मेरा तो जीवन ही वेद के लिए समर्पित है और वेदमय है। इसीलिए मैंने आपके लिए सर्वप्रथम ऋग्वेद का यह प्रथम मन्त्र ही रिकार्ड करवाया ॥७॥

आयोजक—किन्तु हम चकित हैं कि आपने यूरोप में रहते हुए ही संस्कृत का ऐसा ज्ञान कैसे प्राप्त कर लिया।

मोक्ष—मैंने संस्कृत कैसे पढ़ी, यह तो प्रायः सभी लोग जानना चाहते हैं। वास्तव में लाइपजिग विश्वविद्यालय में स्नातक परीक्षा के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश लेते ही मेरे संस्कृत-अध्ययन का श्रीगणेश बड़े मजेदार ढंग से हुआ था।

दूसरा दृश्य

स्थान—लाइपजिग विश्वविद्यालय का परिसर।

(छात्र-छात्राएं बातचीत करते हुए घूम रहे हैं।)

एक—यह नया भाषाध्यापक ब्रोकहाउस हमेशा कोई न कोई बेतुकी बात कर देता है।

दो—देखें, आज क्या अनोखी बात बताता है।

तीन—(देखकर) अरे, वह तो आ भी गया।

एक—खूब रही, इस तीस साल के प्रोफेसर की शक्ल-सूरत और कपड़े तो देखो।

दो—क्या देखना है, सब भाषाध्यापक ऐसे ही होते हैं।

सब—नमस्ते !

ब्रोकहाउस—नमस्कार। चलो भई, क्लास में चलें।

एक—(धीरे-धीरे) इसकी क्लास में जाकर क्या होगा ?

दो—क्यों नहीं, आज भी कुछ जरूर कोई अनोखी बात कहेगा।

(ब्रोकहाउस के साथ विद्यार्थी कक्षा में आते हैं।)

ब्रोकहाउस—प्यारे छात्रो, आपको मालूम होना चाहिए कि भारत की एक भाषा है······

एक—वाह ! क्या कहने, भारत और उसकी भी कोई भाषा ?

ब्रोकहाउस—और उस भाषा का नाम है संस्कृत......

दो—हमें क्या, हुआ करे उसका कोई नाम !

ब्रोकहाउस—और वह संस्कृत भाषा हमारी ग्रीक लेटिन और गॉथिक जैसी भाषाओं से बिल्कुल मिलती-जुलती है। वास्तव में संस्कृत इनकी बड़ी बहिन है।

एक—(धीरे-धीरे) लगता है आज तो इसने कुछ ज्यादा ही पी रखी है।

ब्रोकहाउस—(स्वगत) ठीक ही तो कह रहा है यह, क्योंकि मैंने अमर भारती का ऐसा मधुपान कर लिया है जिसे चखकर इस धरती पर रहते हुए भी मनुष्य निर्जर—अजर और अमर—हो जाते हैं।

मूलर—(धीरे-धीरे) रुको, मैं पूछता हूं। (जोर से) महाशय, सुना जाता है कि भारत तो सपेरों का देश है, तो भला भारत की कोई भाषा हमारी ग्रीक और लेटिन के बराबर है, ऐसा कैसे हो सकता है।

ब्रोकहाउस—हाथ कंगन को आरसी क्या ! यह देखो, बर्लिन विश्वविद्यालय के संस्कृत के आचार्य फ्रान्त्स वॉप्प का लिखा भारत जर्मन भाषाओं का तुलनात्मक व्याकरण मेरे हाथ में ही है। इसे जरा पढ़ो तो सही।

मूलर—कौन पढ़े इस पोथे को !

ब्रोकहाउस—तो लो, मैं संस्कृत और ग्रीक के एक जैसे रूप लिखे देता हूं।

(ब्लैकबोर्ड पर लिखता है।)

संस्कृत—अस्ति स्तः सन्ति

ग्रीक— ... ...

एक—(हंसते हुए) जरा देखो तो, जिसकी लिपि ही ऐसी है, वह भाषा कैसी होगी।

मूलर—सचमुच, बड़े तमाशे की बात है। ठीक ही तो है—

'जैसे भारत के लोग वैसी उनकी लिपि' ऐसी अनोखी लिपि तो हमने पहले कभी नहीं देखी। देखो न, इन अक्षरों के सींग और पूंछ भी हैं ॥६॥

दो—वाह वाह ! क्या कहने अक्षर और वे भी सींग-पूंछवाले। यह भी खूब रही।

(सब हंसते हैं।)

ब्लोकहाउस—(कुछ चकित होकर) विद्यार्थियो, इसमें हंसने की क्या बात है। हां समझ गया, यह तुम्हारा दोष नहीं है। मैंने ही जल्दी में पहले-पहल देवनागरी में लिख दिया। तो लो, अब मैं रोमन में 'अस्' धातु के रूप लिखे देता हूं। देखो—

(चारों भाषाओं के रूप रोमन लिपि में लिखता है।)

ब्लोकहाउस—तो आप लोगों ने देख लिया। हैं न, चारों भाषाओं में एक जैसे रूप ? अब तो हुआ भरोसा ? मूलर ! तुम्हीं बताओ।

मूलर—सचमुच, संस्कृत तो ग्रीक और लेटिन से बिल्कुल मिलती-जुलती है। तब तो मैं भी संस्कृत पढ़ूंगा।

ब्लोकहाउस—अवश्य, अवश्य। प्रिय मूलर, मैं जानता हूं कि तुम गरीब हो, लेकिन परिश्रमी और मेधावी भी हो। ग्रीक और लेटिन तो तुमने पहले से ही पढ़ रखी हैं। और मैं इन भाषाओं के साथ तुलना करते हुए संस्कृत ऐसे पढ़ाऊंगा कि तुम कुछ ही दिनों में सीख जाओगे।

और हां, मैं तो यह भी समझता हूं कि एक दिन तुम्हारे ही कारण इस लाइपज़िग विश्वविद्यालय का नाम रोशन होगा।

सब—गुरुजी, हम भी आप से संस्कृत पढ़ेंगे। अब तो संस्कृत जरूर पढ़ेंगे।

(कक्षा की समाप्ति के साथ
सभी चले जाते हैं।)

तीसरा दृश्य

स्थान—जर्मनी के डेस्साउ नगर में मेक्समूलर की गृह-वाटिका।

(मूलर त्वामालिख्य···आदि श्लोक सस्वर पढ़ता है।)

अग्रजा—भैय्या, तुम क्या गा रहे हो ?

मूलर—दीदी, आसमान में घिरी घटाएं देखकर मेरा मन मेघदूत पढ़ने को हो आया। देखो तो हमारे यहां ये कैसे ठिठुरे-से एक सरीखे बादल हैं।

सूरज की किरणें जिस पर छितरा रही हों, ऐसे सुरमे के पहाड़ से लगने वाले नीलकमल-मनोहर कालिदास के बादलों का तो कहना ही क्या.! ठीक तो है—

जिस पर सूरज की तिरछी किरणें पड़ रही हों, ऐसे सजल बादल, या कालिदास के शब्दों में 'वल्मीक' के विना भला रत्नों के ढेर के जैसा जगमगाता इन्द्रधनुष कैसे दिख सकता है ॥१०॥

अग्रजा—सचमुच, संस्कृत बड़ी प्यारी भाषा है। एक बार फिर सुना तो···

मूलर—दीदी, तुम कहो तो एक बार क्या दस बार सुना दूं। (त्वामालिख्य··· आदि श्लोक फिर पढ़ता है।)

अग्रजा—काश ! मैं इसका अर्थ भी समझ पाती।

मूलर—दीदी, यही सोचकर तो मैंने कालिदास के इस गीतिकाव्य 'मेघदूत' का जर्मन भाषा में पद्यानुवाद करना प्रारम्भ कर दिया है।

अग्रजा—बहुत खूब, तुमने मेघदूत का पद्यानुवाद करना शुरू कर दिया, यह बहुत अच्छा किया। यूं संस्कृत और जर्मन ये दोनों भाषाएं मिलती-जुलती सी हैं।

लर—तुम ठीक, कह रही हो। इन दोनों भाषाओं में समानता ही नहीं एकात्मता भी है। (यहां मूलर संस्कृत और जर्मन भाषा के कुछ शब्द बताता है। और कहता है कि इस प्रकार संस्कृत और जर्मन आदि भाषाओं की इस एकरूपता के कारण ही मैं इतना जल्दी संस्कृत पढ़ गया।)

अग्रजा—अब तो मेरे मन में भी संस्कृत सीखने की ललक जाग उठी।

मूलर—एक बात और सुन···

अग्रजा—मैं क्या सुनूं, तू मेरी बात सुन और सुनकर उस पर कुछ ध्यान दे।

मूलर—बता क्या कहना चाहती है।

अग्रजा—भैया, तुमसे क्या छिपा है। वैधव्य के असह्य दुःख को सहकर भी हमारी मां ने बचपन से लेकर आज तक हमें खूब पढ़ाया-लिखाया और सब तरह से सुखी रखा। और यह भी कि यहां के ड्यूक से जो नाम मात्र की पेंशन मिल रही है, उससे और हमेशा प्रथम रहने के कारण तुम्हें मिलने वाली छात्र-वृत्ति से अपना अब तक गुजारा चलता रहा। लेकिन अब माताजी चाहती हैं···(देखकर) लो, वह तो इधर ही आ रही हैं।

मूलर—(गद्गद् होकर) मां ! देख, मेरी यह पुस्तक !

माता—बेटे, तेरी एक पुस्तक को क्या देखूं ? तेरी तो बहुत-सी पुस्तकें···

मूलर—भगवान् करे तेरी बात सच हो, मां। यह तो संस्कृत के हितोपदेश का मेरा लिखा जर्मन अनुवाद है। यह आज ही छपकर आया है। इसका यह श्लोक मुझे बहुत अच्छा लगता है। सुन मां, सुन—

जिसका मन सन्तोषी है, समझ लो कि उसे सब कुछ मिल गया। पांव में जूता पहने हुए व्यक्ति के लिए तो सारी धरती पर चमड़ा मढ़ा हुआ है।

(खुशामद के लहजे में) मेरी मीठी-मीठी मां ! अब मैं चाहता हूं···

माता—तू जो चाहता है सो मैं नहीं जानती, बेटे ! पर मैं जो चाहती हूं, सो सुन। अब तू पढ़-लिखकर लायक और जवान हो गया है। इसलिए कहीं अध्यापक लग जा, ताकि अपने घर की गरीबी मिटे।

मूलर—मां, तेरी बात तो ठीक है, मैं कहीं अध्यापक बनकर अपना और तुम दोनों का पेट पाल लूंगा, पर मां, तब मेरी संस्कृत का क्या होगा ?

माता—तेरी संस्कृत से मुझे क्या ! अब तुझे चाहिए···

मूलर—मां, तुझे तो मालूम ही है कि लाइपज़िग विश्वविद्यालय से पी-एच. डी. की स्नातक उपाधि मिलने के बाद मैं संस्कृत और तुलनात्मक भाषा-विज्ञान के आचार्य श्री फ्रान्त्स बॉप्प से आगे और संस्कृत पढ़ने के लिए उनके पास बर्लिन चला गया था। वहीं मैंने सोचा कि अब मुझे पेरिस विश्वविद्यालय के विख्यात वेद-विद्वान् श्री बर्नूफ के पास जाकर अपने संस्कृत-ज्ञान को और बढ़ाना चाहिये। तेरा आशीर्वाद लेने के लिए ही मैं यहां आया हूं। अब तू आज्ञा दे दे, तो मैं पेरिस चला जाऊं।

माता—पुत्र, यदि तेरी यही अभिलाषा है तो मेरा भी निर्णय सुन—

मूलर—(स्वगत) देखें मां क्या कहती हैं। (प्रकट) बता मां, बता। तेरी आज्ञा मेरे सिर माथे।

माता—तेरा ऐसा उत्कट संस्कृत-प्रेम देखकर मैंने भी फैसला कर लिया है। सुन बेटा, तेरी संस्कृत पढ़ाई में मैं रुकावट नहीं बनूंगी। ले, यह थोड़ा-सा धन। भगवान् करे तेरी इच्छा पूरी हो ॥११॥

(धन की पोटली उसे सौंपना चाहती है)

मूलर—(खुशी से) सचमुच मां ! रूप की तरह तेरा हृदय भी बहुत सुन्दर और कोमल है। पर यह तो बता कि तुझे यह धन मिला कहां से ?

माता—यह छोटी-सी धनराशि तेरे पिताजी छोड़ गये थे। इसे मैंने आज तक बचाये रखा। आज इसके सदुपयोग का मौका आ गया है, यही सोचकर यह धरोहर अब तुझे सौंप रही हूं। ले रख, इससे तेरा कुछ काम चल जाएगा।

मूलर—(गद्‌गद् होकर) अहा, मेरी कृपालु स्नेहमयी माता! (कहते-कहते उसके पैरों में गिर पड़ता है।)

माता—उठ बेटे! उठ (उसे उठाकर गले लगा लेती है) पुत्र, मेरे जीवन का सहारा तू ही है, इसलिए तुझे परदेस भेजने को मन मानता नहीं, तो भी अब तू पेरिस जाने की तैयारी में जुट जा। और हां, सुन, वहां जाकर आचार्य बर्नूफ का काम मन लगाकर करना और यह भी कि अपना लक्ष्य (संस्कृत सेवा) सदा ध्यान में रहे। बेटा, तुझे खूब यश मिले और प्रेय (सांसारिक सुख) तथा श्रेय (पारलौकिक कल्याण) भी तुझे सुलभ हों। यही तुझे मेरा आशीर्वाद है ॥१२॥

मूलर—भगवान् करे तेरा यह आशीर्वाद सफल हो, क्योंकि—

तेरा यह आशीर्वाद मेरे जीवन का सदा पाथेय बना रहेगा ॥१३॥

तो मां अब मुझे पेरिस के लिए प्रस्थान करने की अनुमति दे। तेरे चरणों में प्रणाम करता हूं और दीदी तुझे भी।

दोनों—बेटे, तेरा (जीवन का) मार्ग कल्याणकारी और सुखमय हो।

(सबका प्रस्थान)

पहला अङ्क समाप्त

दूसरा अंक

पहला दृश्य

स्थान—पेरिस में आचार्य वर्नूफ के घर का आंगन।

(मेक्समूलर और रूडोल्फ रॉथ का प्रवेश)

रॉथ—मूलर, आज तुम वहुत खुश दिखते हो।

मूलर—मित्र, ऋग्वेद पर आचार्य महोदय का प्रवचन सुन-सुनकर मैं इतना आनन्दमग्न हो गया हूं कि अव मुझे पैसे की कमी या भूख-प्यास की कुछ परवाह नहीं रही।

रॉथ—अच्छा, तो यह बात है।

मूलर—ईश, कठ और केन ये तीन उपनिषदें मैंने पढ़ ली थीं। प्रसिद्ध जर्मन दार्शनिक शिलर के लिए केनोपनिषद् का जर्मन अनुवाद भी किया था। इसलिए कल जब आचार्य ने उपनिषदों के वारे में दो घण्टे तक प्रवचन किया तो उसे सुनकर मैं वहुत खुश हुआ। किन्तु प्रवचन की समाप्ति पर आचार्य के 'किन्तु' कहने पर मेरे मन में आया कि क्रिश्चियन होने के नाते अब कहीं वर्नूफ किसी यूनानी या दूसरे यूरोपियन दार्शनिक के निष्कर्षों को उपनिषदों से भी वढ़कर न बता दें। तब आचार्य कई क्षणों तक ध्यानमग्न रहने के बाद वोले—

'वेद, अहा ! वेद सचमुच अनिर्वचनीय हैं'

मैंने तो स्नातक कक्षाओं में ऋग्वेद और अथर्ववेद के कुछ सूक्त पढ़ने के सिवाय आज तक वेद के दर्शन भी कहीं नहीं किए। तो मैं वेद की महिमा क्या समझता। पर, गुरुजी तो ठीक ही कहेंगे।

रॉथ—प्यारे मूलर, वेद तू कहां से देखेगा। ऋग्वेद के कुछ मण्डलों के सिवा वेद कहीं छपे हैं, जो तुझे देखने को मिल जाएंगे। हां, हमारे इस पेरिस विश्वविद्यालय में वेदों की पाण्डुलिपियां अवश्य हैं। और श्री वर्नूफ उनकी प्रतिलिपि तथा सम्पादन के काम में जुटे हुए हैं।

मूलर—हां भई, हमारे वेदज्ञ आचार्य वर्नूफ तो अवेस्ता के भी मर्मज्ञ हैं।

रॉथ—तुम ठीक कह रहे हो। जानते हो बर्नूफ ने दारा प्रथम, द्वितीय आदि प्राचीन ईरानी सम्राटों के दुर्बोध कीलाक्षर लिपि में लिखे गए प्राचीन अभिलेखों को भी पढ़ डाला। इससे आज यह भलीभांति सिद्ध हो गया है कि पुरानी फारसी भी संस्कृत का ही एक रूप हैं।

मूलर—सच कह रहे हो। मेरा तो कहना है—हमारे आचार्य वर्नूफ ने जो कुछ और जितना कुछ पढ़ लिया और वे जिस तरह रात-दिन काम में जुटे रहते हैं, हमें भी उनका अनुकरण करना चाहिए ॥१॥
(देखकर) लो, गोल्ड-स्टुकर भी आ पहुंचा। तो आओ, आचार्यजी के पास सब साथ-साथ चलें।

दूसरा दृश्य

(भोज-पत्र, ताड़-पत्र और नये-पुराने कागजों पर हस्तलिखित
ग्रंथों के ढेर से घिरे आचार्य वर्नूफ कुछ लिख रहे हैं।
उनकी तीन बेटियां पुस्तकों और कागज-पत्रों को
ठीक-ठाक करने के काम में जुटी हुई हैं।)

तीनों—प्रणाम आचार्यवर !

बर्नूफ—विद्वान् बनो। प्यारे छात्रो ! आप लोग तो जानते ही हो कि तप और स्वाध्याय में लीन भारत के वेदज्ञों ने हजारों वर्षों से वेद सुरक्षित रखे हुए हैं।

मूलर—गुरुवर ! पुस्तक या दूसरे किसी लिखित रूप के विना ही, एक-दूसरे से सुनकर कण्ठस्थ करते हुए वेदों को अब तक बचाए रखना सचमुच आश्चर्यजनक है। भारतीयों की श्रवण और स्मरण-शक्ति अपूर्व है।

बर्नूफ—तुम ठीक कह रहे हो, किन्तु वेदों की पाण्डुलिपियां तो भारत में भी दुर्लभ हैं। फिर भी यूरोपीय संस्कृतज्ञों के प्रयत्नों से इंगलैण्ड और फ्रांस की सरकारों ने भाष्य सहित वेदों की हस्तलिखित प्रतियां किसी न किसी तरह जुटा लीं और उन्हें अपने ग्रन्थालयों में रख छोड़ा। लेकिन यहां उनका उपयोग कौन करे। मुझे डर है कि ऐसी दशा में यहां भी वे दुर्लभ ग्रन्थ कहीं कीट-भोजन न बन जाएं।

मूलर—तो क्या इस मामले में हम कुछ नहीं कर सकते ?

बर्नूफ—क्यों नहीं, क्यों नहीं। अब हमें ऐसा करना चाहिए कि भाष्यसहित वेद छपकर फिर भारतीयों के हाथों में जा पहुंचे। और इसीलिए यह रूडोल्फ रॉथ अथर्ववेद और यजुर्वेद के काम में जुटा हुआ है। यह गोल्ड स्टुकर भी काम कर रहा है। (उन दोनों की ओर देखकर) अच्छा, तुम अपने काम में लग जाओ।

रॉथ और स्टुकर—जैसी गुरुजी की आज्ञा।

बर्नूफ—बेटे मूलर, तुम यहां सबसे छोटे और नये होकर भी बड़े बुद्धिमान् विद्यार्थी हो, इसलिए मैं चाहता हूं कि तुम्हारा जीवन वेद के लिए समर्पित हो जाए। इससे तुम मेरे काम में बहुत बड़े सहायक बन जाओगे।

मूलर—आपकी आज्ञा को शिरोधार्य कर मैं अपना जीवन वेद के लिए समर्पित करता हूं।

बर्नूफ—वत्स, तेरा देवनागरी लेख बहुत सुन्दर है, इसलिए सबसे पहले तू मेरे द्वारा सम्पादित ऋग्वेद-सायण-भाष्य की एक प्रतिलिपि तैयार करना शुरू कर दे। इसके लिए कुछ पारिश्रमिक भी तुझे मिलेगा। उससे तेरे नाश्ते का खर्च तो निकल ही जाएगा।

मूलर—गुरुजी, मैं तैयार हूं।

बर्नूफ—किन्तु वेदभाष्य की प्रतिलिपि का काम शुरू करने से पहले तुम्हें दो प्रतिज्ञाएं करनी होंगी।

मूलर—बताइये, गुरुजी !

बर्नूफ—पहले तो यह कि सायण भाष्य का सम्पादन करते हुए तुम कभी उसकी कोई एक पंक्ति भी—एक अक्षर भी छोड़ोगे नहीं। दूसरे यह कि मेरे द्वारा सम्पादित वेदभाष्य की नकल करते समय तुम धूम्रपान नहीं करोगे।

मूलर—मुझे गुरुजी की आज्ञा स्वीकार है। सायणभाष्य का सम्पादन करते हुए उसका एक अक्षर भी छूटने नहीं पाएगा। और आपके वेदभाष्य की प्रतिलिपि करते समय धूम्रपान नहीं करूंगा ॥२॥

बर्नूफ—तो फिर मैं भी चाहूंगा कि यथाशीघ्र तुम अपने आप वेदभाष्य का सम्पादन करने के योग्य बन जाओ। और हां, उसके बाद तुम्हें लन्दन जाना होगा। वहां इण्डिया हाउस के ग्रन्थालय में भी सायण-भाष्य की पाण्डुलिपियां हैं। शुद्ध और प्रामाणिक पाठ के निर्धारण के लिए तुम्हें वे भी

पढ़नी पड़ेंगी।

मूलर—आचार्यवर, यह तो ठीक है। पर क्षमा करें गुरुदेव, यह तो बहुत बड़ा काम है। इसके लिए जितना परिश्रम और समय चाहिए उससे कहीं अधिक धन की भी आवश्यकता पड़ेगी उसे छपवाने के लिए।

बर्नूफ—तुम ठीक कह रहे हो, पर मुझे आशा है कि तुम्हारे सभाष्य सम्पूर्ण ऋग्वेद को छपाने के लिए ईस्ट इण्डिया कम्पनी से तुम्हें अनुदान मिल ही जाएगा। अब हमें (वेदों के) स्वाध्याय, अर्थज्ञान, उन पर आचरण और उनके प्रचार के लिए कटिबद्ध हो जाना चाहिए।

मूलर—भगवान् करे आपके वचन सार्थक हों।

बर्नूफ—यह वेदाज्ञा सदा स्मरण रखनी होगी। (विद्या ह वै इत्यादि मन्त्र पढ़ते हैं।)

तीसरा दृश्य

स्थान—ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के परिसर में मोक्षमूलर का निवास स्थान।

(मेक्समूलर अपने कमरे में मेज के सामने (कुर्सी पर) बैठे हैं। मेज पर एक ओर ऋग्वेद के छपे हुए तीन खण्ड रखे हैं। दूसरी ओर कलम दवात आदि रखे हुए हैं और कई पाण्डुलिपियां तथा प्रूफ आदि के कागज पड़े हैं।)

मूलर—ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय का यह परिसर बड़ा ही रमणीय है। पेरिस से आने के बाद यहां रहते हुए मुझे बारह वर्ष हो गए। इस बीच मैंने यहां के प्रेस में सायणभाष्य सहित ऋग्वेद के चार मण्डल तीन खण्डों में छपवा दिए। (कुछ चिंतित होकर) किन्तु इस पांचवें मण्डल के सायण भाष्य की कई पंक्तियां बहुत दुर्बोध लगती हैं। मुझे उनके बारे में यहां के वेदविदाचार्य श्री विल्सन से···

विल्सन—(प्रविष्ट होकर) सुप्रभातम्, प्रिय मोक्षमूलर!

मूलर—(देखकर सहर्ष) सुप्रभातम्। अहो, मान्यवर विल्सन महोदय, आप तो स्मरण करते ही आ पहुंचे। यह मेरा अहोभाग्य है।

विल्सन—विद्वद्वर, सायणभाष्य के सम्पादन, शुद्धपाठ-निर्धारण और प्रूफ पढ़ने में आपको रात दिन जुटे देखकर मुझे बहुत खुशी होती है।

मूलर—इंग्लैंड में प्रशिया के राजदूत महामहिम श्री बुन्शेन महोदय के अथक प्रयत्न एवं आपके द्वारा उसके सम्पूर्ण समर्थन के फलस्वरूप ईस्ट इण्डिया कंपनी ने मेरे द्वारा सम्पादित ससायणभाष्य ऋग्वेद के प्रकाशन का भारी खर्चा उठाया है। और भारत से सम्पूर्ण सायणभाष्य की कई प्रतिलिपियां मंगवाने का भगीरथ प्रयत्न किया। यह सब उस प्रभु की कृपा से ही हो पाया है।

विल्सन—विद्या-वयोवृद्ध बुन्शेन महोदय का ईस्ट इण्डिया कम्पनी के निदेशकों पर बड़ा प्रभाव है। और उनका वेदानुराग भी सचमुच अनुकरणीय है।

मूलर—आपका कथन सर्वथा सत्य है, क्योंकि जब मैंने सायणभाष्य को छपाने के लिए उनसे निवेदन किया तो वे गद्गद् होकर कहने लगे, बेटे ! लगता है आज तुम्हारे रूप में मेरी जवानी के दिन फिर से लौट आए हैं, क्योंकि सम्पूर्ण ऋग्वेद के छपाने की बात उन दिनों मेरे मन में भी आई थी, किन्तु उन्हीं दिनों मेरा मन मिश्र की नई निकली अद्भुत सम्पत्ति की ओर खिंच गया और वहां की चकाचौंध से मेरा मन वेदविमुख हो गया।

विल्सन—सायणभाष्य के सम्पादन के लिए सचमुच आपने घोर तप किया है। मुझे मालूम है, पेरिस में सायणभाष्य की प्रतिलिपि करते हुए आपने रात-दिन एक कर दिए थे। और दो वर्ष तक—

थोड़े-बहुत भोजन या अल्पाहार से ही आप गुजारा चलाते रहे। कई बार तो ऐसा होता था कि केवल काफी और वह भी दूध व चीनी के बिना ही पीकर आपको रहना पड़ता था। आप वेद के काम में ऐसे तल्लीन हो जाते थे कि सारी रात लिखते हुए बीत जाती थी और तीसरी रात ही सोया करते थे॥३-४॥

मूलर—मुझ पर गुरुदेव श्री बर्नूफ की बड़ी कृपा थी···

विल्सन—और यहां भी तो आपने कोई कसर उठा नहीं रखी। जैसे कि ऑक्सफोर्ड प्रेस में वेदों के योग्य संस्कृत टाइप तो था नहीं, इसलिए आपने अपने हाथों से लिख-लिखकर वेदोपयोगी टाइप ढलवाया।

मूलर—और हां, आजकल तो भारत जाकर वाराणसी में ही शेष जीवन बिता देने की इच्छा मेरे मन में घर करती जा रही है। पर क्या करूं, मां तो

इसके लिए तैयार ही नहीं होती। पहले तो उसने लिख दिया 'आजकल भारत में अंग्रेजों के विरुद्ध विद्रोहाग्नि धधक रही है, तुझे मैं वहां कैसे जाने दूं।' अब तो वहां विद्रोह भी शान्त हो चुका है, इसलिए मैंने मां को फिर लिखा है कि 'मां भारत कोई इस धराधाम से बाहर तो है नहीं, और उस प्रभु की छत्रछाया से तो बिल्कुल बाहर नहीं। इसलिए तू चिन्ता मत कर।' देखें क्या उत्तर आता है।

आजकल तो मुझे इसी बात का ध्यान रहता है कि मेरे ऋग्वेद के तीन खण्ड भारत पहुंच चुके हैं। उन्हें देखकर वहां के विद्वानों की न जाने कैसी प्रतिक्रिया होगी।

विल्सन—प्रिय मित्र, सब ठीक ही होगा। अब तुम्हारे तप का समय समाप्त हो गया। आरंभ और यत्न के बल के बाद अब फलप्राप्ति की आशा बंधने लगी है।

श्रीमती किंग्सले—(प्रवेश कर) फल की प्राप्ति भी निश्चित हो चुकी है, अतः अब शीघ्र ही फल मिलनेवाला है। (यहां नाटक की पांच संधियों का भी निर्देश किया गया है।) ॥५॥

मूलर—(देखकर आश्चर्य और हर्ष के साथ) अहा, किंग्सले दम्पती ! सुप्रभातम्, सुप्रभातम्।

श्रीमती किंग्सले—सुप्रभातम्। विल्सन महोदय भी यहीं हैं।

मूलर—आज तो बड़ी कृपा की आप लोगों ने।

विल्सन—बहुत दिनों बाद दिखाई दिए आप लोग।

श्रीमती किंग्सले—(विल्सन के प्रति) आचार्यवर ! अपने आने का प्रयोजन भी बताती हूं। यह जानकर आपको खुशी होगी कि कई वर्ष तक सोच-विचार में पड़े रहने के बाद मेरे बड़े भैय्या श्रीमान् ग्रेम्फेल ने आपके इन वेदज्ञ मेक्समूलर से अपनी बेटी जार्जिना के विवाह की बात मान ली है।

विल्सन—मैडम, यह तो बड़ा ही शुभ समाचार दिया आज आपने। हमारे ये वेद-सर्वस्व मोक्षमूलर अकिञ्चन होकर भी सब सम्पत्तियों के निधान हैं। निष्काम वेद सेवा के फलस्वरूप सभी समृद्धियां इन्हें स्वतः प्राप्त हो जाएंगी।

श्री किंग्सले—यह हम भलीभांति जानते हैं।

श्रीमती किंग्सले—बधाई हो !

विल्सन—आपको भी बधाई हो।

(सबका प्रस्थान)

चौथा दृश्य

स्थान—वाराणसी का एक चौक।

(पृष्ठभूमि में श्री विश्वनाथजी की आरती में पढ़े जा रहे पुष्पांजलि के मन्त्र तथा घण्टा और नगाड़ों की ध्वनि सुनायी देती है।)

(वैदिक विद्वान् और एक शिक्षक का प्रवेश)

शिक्षक—सुनते हैं कि काशी में यूरोपियन विशेषकर जर्मनी के संस्कृत-पंडितों की शीघ्र ही एक नई कोलोनी बसने जा रही है।

वैदिक—वे लोग धन्य हैं। क्योंकि पूर्व पुण्यों से ही मोक्षार्थी मनुष्यों को काशिवास सुलभ हो पाता है ॥५॥

शिक्षक—आपका कहना तो ठीक ही है किन्तु आजकल तो—'पंडा सांड सीढ़ी और संन्यासी, इनसे बचे तो सेवे काशी' की कहावत के अनुसार काशिवास भी कष्टबहुल हो गया है। और यह भी कि श्रद्धालुओं को श्रद्धाहीन लोग, धर्मात्माओं को धूर्तजन तथा बेसमझ भोलेभाले लोगों को चतुर-चालाक लोग सदा मूंडते रहते हैं और तीर्थयात्री तीर्थों में जाकर अपना मुंडन करवाते हैं। या पंडे लोग भोलेभाले तीर्थयात्रियों को मूंड़ लेते हैं। (पहले दोनों विशेषण क्रमशः पंडा और तीर्थयात्रियों के लिए भी लागू हो सकते हैं।)

वैदिक—यह तो डोंडी पिट रही है। सुनें तो!

उद्घोषक—(नगाड़ा बजाने के बाद) सभी विद्वानों और जन-साधारण को सूचना दी जाती है कि आज सायं ५ बजे नगर के प्रमुख सभागार में इंग्लैण्ड निवासी जर्मन विद्वान् श्री मोक्षमूलर भट्ट के द्वारा सम्पादित सायणभाष्य सहित ऋग्वेद की प्रामाणिकता पर विचार करने के लिए एक विद्वत्सभा होगी। आप सब लोग समय पर वहां उपस्थित हों।

(अब्रह्मण्यम्, अब्रह्मण्यम् कहते हुए पंडा का प्रवेश)

वैदिक—अरे, 'अब्रह्मण्यम्' क्यों बोल रहे हो सुब्रह्मण्यम् बोलो।

पंडा—पण्डितजी, सुब्रह्मण्यम् तो मद्रास……

शिक्षक—(मुस्कराते हुए) सचमुच आप तो 'देवानां प्रिय' (मूर्ख) हैं।

पंडा—(सहर्ष) आप लोगों की कृपा है। किन्तु सब मेरे जैसे नहीं हैं।

वैदिक—बात तो सही कह रहे हो।

शिक्षक—अब्रह्मण्यम् और 'सुब्रह्मण्यम् का' अर्थ भी जानते हो?

पंडा—क्षमा करें वैदिकवर, इस घाट पर कई वार कोई बुरी वात होने पर मैंने आप जैसों को 'अब्रह्मण्यम्' 'अब्रह्मण्यम्' कहते सुना है। अर्थ से मुझे क्या लेना-देना।

वैदिक—अर्थदास होकर भी कहते हो, मुझे अर्थ से क्या लेना-देना। यह भी खूब रही।

पंडा—मेरे कहने का प्रयोजन यह है कि मुझे इन शब्दों का अर्थ ज्ञात नहीं है।

शिक्षक—तो सुनें, ब्रह्म या वेद के लिए जो हितकारक हो वह हुआ सुब्रह्मण्यम् और वेद के लिए जो अहित हो···

पंडा—वह हुआ 'अब्रह्मण्यम्'। अव मालूम हुआ।

वैदिक—अव वताओ तुमने अभी क्या बुरी वात देखी ?

पंडा—पण्डितजी, अभी आपने सुना नहीं, ये डोण्डी वाला क्या कह रहा था? इसने वताया कि हमारे अत्यन्त गुह्य ऋग्वेद को भी अव किसी क्रिश्चियन ने छाप डाला है। घोर कलियुग आ गया है पण्डितजी, आप ही सोचो इससे वढ़कर और बुरा क्या हो सकता है!

वैदिक—पंडाजी, इस पर तो हमें खुश होना चाहिए। अरे, जो सायणभाष्य अव तक दो-चार वैदिक कुलों के पास ही था, अव हमें भी उसके दर्शन हो जाएंगे। और अव तो वेदमन्त्रों का अर्थ भी हम समझ सकेंगे।

शिक्षक—किन्तु सात समुद्र पार के रहने वाले मोक्षमूलर को यह सायणभाष्य मिल कैसे गया? और उसे शुद्ध रूप से सम्पादित कर छपवा देना कोई खाला जी का घर है। इसके लिए तो वेद के प्रकाण्ड पाण्डित्य की आवश्यकता है। इसलिए मेरा मन तो मानता ही नहीं कि यूरोप में सायणभाष्य शुद्ध छप सकता है।

वैदिक—संस्कृत के वेदज्ञ यूरोपियन विद्वान् पहले भी रहे हैं और आज भी हैं। किन्तु मोक्षमूलर का नाम तो आज पहली वार सुन रहे हैं। उस नौसीखिए के हाथ में पड़कर सायणभाष्य की न जाने क्या गति हुई होगी।

शिक्षक—लो, सभा का समय भी हो गया। चलो वहां पहुंचे।

(सबका प्रस्थान)

पांचवां दृश्य

स्थान—वाराणसी में विद्वत्सभा।

(मंच पर कुछ प्रमुख वेदज्ञ विद्वानों से घिरे सभापति महोदय बैठे हैं। सभा में पण्डितों के परस्परालाप की ध्वनि सुनायी देती है।)

आयोजक—शान्ति-शान्ति ! अव सभा का कार्यक्रम आरम्भ होने जा रहा है। सवसे पहले श्रीमान् पण्डित शिवदासजी वैदिक मंगलाचरण करेंगे।

शिवदास—(ॐ अग्ने नय इत्यादि मन्त्र पढ़ते हैं। इस मन्त्र का अर्थ यह है)—हे सवको आगे ले जानेवाले हमारे नेता और मार्गदर्शक(अग्रे नयतीत्यग्निः) परमात्म देव ! हमें सुमार्ग से ले चलिये—सदा उन्नति की ओर अग्रसर कीजिए, ताकि हमारा सर्वविध कल्याण हो और हम भरपूर सुख समृद्धि के भागी वनें। हे देव ! आप से हमारा कोई कर्म छिपा नहीं है। आप हमारे प्रत्येक काम को जानते और देखते हैं। आप हमारी कुटिलताओं, वुराइयों और पापों से हमें संघर्ष करने की शक्ति प्रदान कीजिए ताकि हम उनसे वचे रहें। हे भगवन् ! हम आपको वार-वार प्रणाम करते हैं।

आयोजक—अव छात्रगण सरस्वती वन्दना करेंगे।

छात्रगण—'या कुन्देन्दुतुपार हारधवला' इत्यादि स्तुति-गान करते हैं।

आयोजक—आदरणीय सभापति महोदय और उपस्थित माननीय विद्वद्वृन्द ! आप लोगों को यह ज्ञात ही है कि श्रीमान् मोक्षमूलर भट्ट के द्वारा हाल ही में प्रकाशित सायणभाष्य-सहित ऋग्वेद के तीन खण्डों की प्रामाणिकता के वारे में निर्णय करने के लिए आज इस विद्वत्सभा का आयोजन किया गया है। तो मैं सवसे पहले इस ऋग्वेद के पहले खण्ड के मुखपृष्ठ पर संस्कृत भाषा और देवनागरी लिपि में जो छपा है, उसे पढ़कर सुनाता हूं। (पढ़ता है)

प्रत्येक खण्ड के प्रारम्भ में वेद की महिमा को व्यक्त करने वाली और भाष्य के विविध पाठों की परिचायक लम्वी-चौड़ी भूमिका भी दी गई है। भूमिका के प्रत्येक वाक्य से मोक्षमूलर की वेदों के प्रति श्रद्धा स्वतः प्रकट होती है।

अव आप लोगों में से कोई भी विद्वान् यहां मंच पर आकर इस ऋग्वेद का कोई भी पृष्ठ पढ़कर सुनाने की कृपा करें, ताकि सव लोग इसके सम्पादक श्री मोक्षमूलर भट्ट के पाण्डित्य और अपार

परिश्रम से परिचित हो जाएं और किसी के मन में कोई शंका न रहे।

(एक पण्डित उठकर पुस्तक का एक पृष्ठ पढ़कर सुनाता है।)

शिक्षक—(सुनकर) सचमुच यह तो सर्वथा शुद्ध है।

वैदिक—शुद्ध ही नहीं, अत्यन्त शुद्ध कहो।

शिक्षक—वास्तव में यह तो बड़े आश्चर्य और उतने ही हर्ष की भी बात है।

आयोजक—एक बड़ी बात यह कि भाष्य में आये हुए नाना ग्रन्थों के उद्धरणों को मूल-ग्रन्थ से मिलाकर उनके अध्याय, पाद, सूत्र, सूक्त या मन्त्रादि के पृथक्-पृथक् अंक भी स्पष्टरूप से जुटा दिये गए हैं। और यह भी कि मेक्समूलर ने 'मोक्षमूलर' के रूप में अपने नाम का जो संस्कृतीकरण किया है, वह भी हमें सर्वथा उपयुक्त और सार्थक लगा। क्योंकि—

संस्कृत में 'रा' धातु का अर्थ है देना और मोक्ष का मूल है वेद। तो 'मोक्षमूलर' का अर्थ हुआ वेद प्रदान करने वाला ॥७॥

सभापति—इसलिए काशी के हम सब पण्डित बड़े आदर और सम्मान के साथ यह घोषणा करते हैं कि मोक्षमूलर भट्ट द्वारा सम्पादित ऋग्वेद का सायण भाष्य सर्वथा शुद्ध है। और मोक्षमूलर भट्ट से यह प्रार्थना करते हैं कि वे इस प्रकार सारा वेद प्रकाशित कर सारे संस्कृत जगत् व भारत को उपकृत करें। विद्वत्सभा के इस निर्णय की एक प्रति मोक्ष-मूलर भट्ट को भी सादर भेजी जा रही है।

सभी—विश्वनाथ भगवान् की जय। हर हर महादेव।

(सब का प्रस्थान)

दूसरा अंक समाप्त

तीसरा अंक

पहला दृश्य

प्रतिहारी—आस्बोर्न राजमहल के सभी अधिकारी सावधान होकर सुनें। आज सन् १८६४ के जनवरी की छह तारीख को आप लोगों को सूचित किया जा रहा है कि रात्रि के आठ बजे भावी भारत-सम्राट् युवराज प्रिन्स आफ वेल्स तथा दूसरे सभी परिजनों के साथ महामहिमशालिनी महामान्या सम्राज्ञी विक्टोरिया भुक्तास्थान मण्डप (दरबारे खास) में श्रीमान् मोक्षमूलर भट्ट का व्याख्यान सुनने पधार रही हैं। इसलिए सब लोग सावधान हो आदरपूर्वक अपने-अपने स्थान पर खड़े रहें।

(परिजनों के साथ सम्राज्ञी विक्टोरिया का प्रवेश)

मोक्षमूलर—महामान्ये ! मैं सादर नमस्कार करता हूं।

विक्टोरिया—(नमस्कार स्वीकार करते हुए) प्रिय महोदय, हम आपका प्रवचन सुनने के लिए आज यहाँ आए हैं।

मोक्षमूलर—महामान्या सम्राज्ञी, आपने जो मुझे यह सुअवसर प्रदान किया उसके लिए मैं आपका कृतज्ञ हूं।

विक्टोरिया—तो आप अपने विचार प्रकट कीजिए।

मोक्षमूलर—महामान्ये सम्राज्ञी, माननीय युवराज महोदय और परिजनगण ! (ॐ अग्निमीडे इत्यादि मन्त्र पढ़ता है।) यह उस ऋग्वेद का पहला मन्त्र है, जिसके सायणभाष्य सहित सात मण्डल पहले ईस्ट इण्डिया कम्पनी और उसके बाद आपकी सरकार के उदार अनुदान के फलस्वरूप अब तक छप चुके हैं। कुछ ही वर्षों में सम्पूर्ण ऋग्वेद के छप जाने पर सारे विश्व की प्राचीनतम ही नहीं, अपितु समग्र आर्यजाति की श्रेष्ठतम और भारतीय आर्यों की पवित्रतम एक बहुत बड़ी रचना सुरक्षित हो जायेगी। मैं सबसे पहले परम-माननीया सम्राज्ञी के समक्ष यह सादर और सधन्यवाद विनम्र निवेदन करना चाहता हूं···

(इसी प्रकार व्याख्यान जारी रहता है।)

विक्टोरिया—महानुभाव ! आज आप ने ऋग्वेद और उसके सायण भाष्य की

महिमा के बारे में वहुत कुछ वताकर हमें आनन्द मग्न-कर दिया। आपने जो आज हमारी ग्रीक और लेटिन जैसी भाषाओं की तुलना संस्कृत के साथ कर दिखायी, उसे सुनकर हम चकित रह गये। महानुभाव, सब जानते हैं कि इधर दस वर्ष से हमने कभी किसी का व्याख्यान नहीं सुना था। आज दस वर्ष बाद दो घंटे तक आपका व्याख्यान सुनकर हम ऐसे तन्मय हुए कि अपने सदासंगी बुनने के काम को भी आज हम भूल बैठे। यद्यपि नियमानुसार आज भी ये सलाईयां और ऊन आदि यहां रखी हैं। आपके व्याख्यान से हमें इतना आनन्द आया कि हम चाहेंगे कि कल भी आपका व्याख्यान सुनें।

मोक्षमूलर—महामान्या सम्राज्ञी! आपने जो इस प्रकार मेरा उत्साह वढ़ाया उसके लिए मैं आपका अत्यन्त अनुगृहीत हूं।

अब मैं महामान्या का सादर विनतभाव से अभिवादन करता हूं। शुभ रात्रि।

विक्टोरिया—शुभरात्रि!

(सबका प्रस्थान)

दूसरा दृश्य

स्थान—आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के परिसर में मोक्षमूलर का भवन।

(पियानो बजाते हुए मोक्षमूलर और जार्जिना दिखाई देते हैं।)

जार्जिना—आप तो बड़ी प्यारी धुन बजा रहे हैं।

मूलर—प्रिये! मेरा पियानोवादन तुम्हारी संगीत-लहरी से और भी मनोहारी हो जाता है।

जार्जिना—संगीतकला में ऐसी प्रवीणता आपको कैसे प्राप्त हो गई?

मूलर—सुनते हैं, पूज्य पिताजी पियानो-प्रवीण थे और माताजी की संगीत-रुचि तो तुम्हें ज्ञात ही है।

जार्जिना—मैं तो सोच रही थी कि विवाह से पहले आपकी कोई···

मूलर—क्यों नहीं, वह प्रतिदिन मुझे विहार का अपूर्व सुख प्रदान किया करती थी। जानती हो वह कौन थी? वह थी मेरी प्यारी एक सुन्दर वडवा[1]।

---

१. 'वडवा' के घोड़ी और युवती ये दोनों अर्थ हैं।

जार्जिना—अहा ! सुन्दरी और युवती !

मूलर—नहीं, युवती नहीं, प्यारी घोड़ी ।

जार्जिना—(मुस्कराते हुए) आपने वात वदल दी ।

मूलर—नहीं तुम वात को कहीं का कहीं उड़ा ले गई ।

(केशवचन्द्र सेन का प्रवेश)

श्रीसेन—आप लोगों के आतिथ्य का आनन्द लेते हुए मुझे कई दिन हो गए। अव मैं वापिस भारत जाना चाहता हूं और हां···

(रामजी छवीलदास और श्यामजी कृष्ण वर्मा का प्रवेश)

रामजी श्यामजी—नमस्ते महाशय !

मूलर—सुप्रभातम् ।

श्यामजी—वाह ! ब्रह्म समाज के मान्य नेता केशवचन्द्र सेन भी यहीं विराज रहे हैं ।

श्रीसेन—मैं तो जव भी इंग्लैंड आता हूं, अधिकतर यहीं रहता हूं ।

जार्जिना—यह तो सेन महाशय का अपनापन है ।

मूलर—जार्जिने ! ये हैं रामजी छवीलदास ! आजकल कैंब्रिज विश्वविद्यालय में पढ़ रहे हैं और ये हैं श्यामजी कृष्ण वर्मा । बैरिस्टरी के लिए यहां आए हुए हैं । श्री स्वामी दयानन्द सरस्वती के ये श्रेष्ठ शिष्य हैं । यहां भी संस्कृत का प्रचार करते रहते हैं, ये दोनों ।

श्यामजी—विद्वद्वर ! हमारे गुरुवर्य श्री स्वामी दयानन्द सरस्वती जी का आज ही मुझे एक पत्र मिला है । उसमें उन्होंने अपने रचित ऋग्वेद भाष्य के वारे में आपका अभिमत जानना चाहा है ।

जार्जिना—मासिक रूप से प्रकाशित स्वामीजी के ऋग्वेद-भाष्य के तो मेरे पतिदेव पहले से ही ग्राहक हैं । फिर भी मेरे पतिदेव के वारे में भारत में तरह-तरह की वातें···

रामजी—आप ठीक कह रही हैं । भारत में तो यहां तक प्रवाद फैलाया जा रहा है कि मोक्षमूलर के वेद छपाने का मूल उद्देश्य तो ईसाइयत का प्रचार करना ही है ।

श्रीसेन—भारत के मुट्ठीभर लोग कुछ भी कहते रहें। इसके विपरीत यह तथ्य विश्वविदित है कि विल्सन के स्वर्ग सिधार जाने के वाद 'मोक्षमूलर तो हिन्दू धर्म का समर्थक है, ईसाइयत का नहीं', यह धुआंधार प्रचार करके चर्च ने इन्हें ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के संस्कृत-आचार्य-पद पर निर्वाचित नहीं होने दिया और इनके प्रतिद्वन्द्वी मोनियर विलियम को अपना वहुमत प्रदान किया था।

मूलर—उसके वाद इस ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में ही मुझे तुलनात्मक भाषा-विज्ञान के आचार्य का पद दिया गया था, किन्तु यदि मैं उस पद पर वना रहता तो मेरी संस्कृत-सेवा में कुछ न कुछ तो वाधा आती ही।

एक सेवक दो स्वामियों की सेवा ठीक से नहीं कर पाता। वस इसीलिए मैंने तुलनात्मक भाषा विज्ञान के आचार्य का वह पद छोड़ दिया है ॥१॥

जार्जिना—(मुस्कराते हुए) एक और वात वताऊं? 'मोक्षमूलर की ईसाइयत में आस्था न के वरावर है', यही जानते हुए मेरे पिताजी ने भी छह वर्ष तक हमारा विवाह नहीं होने दिया था।

रामजी—और हां, स्वामीजी आपके परिचित लोगों से आपके भारत आने के वारे में भी पूछते रहते हैं।

जार्जिना—खूव याद दिलाया। श्रीमान् डीन स्टेनले ने दौड़धूप कर प्रिन्स आफ वेल्स की कुछ ही दिनों में होने वाली भारत की राजकीय यात्रा में उनके साथ जाने वाले दरवारियों की सूची में मेरे इन पतिदेव का नाम भी लिखवा दिया है। अव तो भारत के लिए प्रस्थान होने ही वाला है।

मूलर—भारत के लिए प्रस्थान की पूरी तैयारी कर ली है।

श्रीसेन तथा रामजी और श्याम जी—(सहर्ष) तव तो हम भी आपके साथी वन जाएंगे।

(डाकिया डाक लाकर देता है।)

जार्जिना—(उनमें से एक पत्र को देखकर) यह तो डीन महोदय का ही पत्र है। लगता है उन्होंने इन्हें भारत जाने के लिए तत्काल लन्दन वुलाया है।

मूलर—(सहर्ष) पढ़ो तो क्या लिखा है ।

जार्जिना—(पत्र पढ़कर, उदास होते हुए) अरे, यह तो मामला ही उलट गया ।

श्रीसेन—(चकित होकर) क्या हुआ ?

मूलर—(घबराते हुए पत्रपढ़ते हैं) अरे ! स्टेनले महोदय ने यह सूचना दी है कि प्रिन्स आफ वेल्स की भारत की राजकीय यात्रा के समय किसी विदेशी को इनके साथ नहीं भेजा जा सकता । बस, इसी बहाने से किसी अड़ंगेबाज ने मेरा नाम सूची से कटवा दिया है । मैं जानता हूं ऐसा तो हुआ ही करता है । क्योंकि—

कभी राष्ट्र, कभी वर्ग और कभी मतमतान्तर या जाति आदि की संकीर्णता के कारण मानव की उन्नति में सदा रुकावटें आती रहती हैं ॥२॥

यह बात दूसरी है कि यहां पधारने वाले आप जैसे महानुभावों, अपने मित्रों के साथ निरन्तर होने वाले पत्राचार तथा पत्र-पत्रिकाओं और पुस्तकों आदि के द्वारा भारत मेरा भली-भांति जाना-पहचाना हुआ है । वहां जाकर भी मेरे भारत-विषयक ज्ञान में कोई खास बढ़ोत्तरी होने वाली नहीं थी और यहां रहते हुए भी श्रीकाशी विश्वनाथ के मन्दिर की आरती के घण्टे-घड़ियालों की ध्वनि भी सुनता ही रहता हूं । फिर भी—

यदि मुझे भारत जाने का अवसर मिल जाता तो उससे भारत और उसके साथ ही इग्लैंड को भी कुछ लाभ ही होता, विद्वानों को तो लाभ होता ही ॥३॥

सुता—(प्रवेशकर) पिताजी, भोजन का समय बीतता जा रहा है ।

जार्जिना—बेटी ! आज तो बातों में ऐसे लगे कि भोजन की भी याद नहीं रही । तो अब सब लोग भोजन के लिए पधारें ।

(सबका प्रस्थान)

तीसरा दृश्य

स्थान—आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के परिसर में मेक्समूलर का भवन।

(जार्जिना तथा अपने पुत्र और पुत्री के साथ मेक्समूलर का प्रवेश)

मूलर—भारत के अनेक महानुभाव यहां पधारकर हमें अनुगृहीत करते रहते हैं यह बड़े सौभाग्य की बात है। किन्तु आज तो अपने यहां महोत्सव ही होगा।

जार्जिना—आपके साथ रहते हुए मेरा तो एक-एक दिन उत्सव की भांति ही बीत रहा है।

मूलर—स्वामी विवेकानन्द जी मेरे निमन्त्रण को स्वीकार कर लन्दन से आज अपना घर पवित्र करने के लिए पधार रहे हैं।

जार्जिना—यह हम लोगों का अहोभाग्य है।

मूलर—(देखकर) लो स्वामीजी पधार भी गए। स्टर्डी महोदय भी उनके पीछे आ रहे हैं। तो आओ, उनकी अगवानी करें। (आगे जाकर)

परमहंस श्री रामकृष्णदेव के श्रेष्ठ शिष्य स्वामी विवेकानन्द जी आज मेरी कुटिया पर पधारे हैं। अब मैं कृतकृत्य हो गया हूं ।।४।।

जार्जिना—सारे विश्व को वेद और वेदान्त का सन्देश सुनाने वाले भारत के जंगम स्वरूप स्वामी विवेकानन्द जी को मैं प्रणाम करती हूं ।।५।।

विवेकानन्द—ॐ नमो नारायणाय। कल्याण हो। (जार्जिना को सम्बोधित करते हुए) लगता है आपने पिछले जन्म में बहुत बड़ा तप किया था।

जार्जिना—महात्माजी ! पिछले जन्म में ही क्यों इस जन्म में भी तो छह साल तक प्रतीक्षा के ताप में तपने के बाद ही……

मूलर— विवाह के द्वारा हम एक साथ हो पाए हैं, मैं वाक्य पूरा कर दूं। क्यों, ठीक है न !

(सब हंसते हैं)

विवेकानन्द—वेदज्ञवर ! मैं जानता हूं कि आपने जवानी में कदम रखते ही तेईसवें वर्ष में जिस सायणभाष्य-सहित ऋग्वेद को छपाना शुरू किया था, वह आपके उनचासवें वर्ष में जाकर पूरा हुआ।

मूलर—स्वामी जी ! अब मैं आपको यह भी बताना चाहता हूं कि अपनी आयु के

चौथे चरण में पहुंच जाने पर अब मुझमें काम करने की वैसी शक्ति नहीं रह पायी है। तो भी—

विजय नगर के महाराज ने सायणभाष्य-सहित ऋग्वेद का दूसरा संस्करण प्रकाशित करने के लिए बहुत बड़ा अनुदान दिया है ।।।६।।
इसलिए मैं सायणभाष्य को एक बार फिर सम्पादित और संशोधित कर बड़े आकार के चार खण्डों में ऋग्वेद को ऑक्सफोर्ड प्रेस से दुबारा छपवाने के काम में जुट गया हूं।

विवेकानन्द—पहले (चौदहवीं सदी में) विजय-नगर-साम्राज्य के यशस्वी सम्राट् कृष्णराज द्वितीय ने आचार्य सायण को ऋग्वेद का भाष्य लिखने के लिए प्रेरित किया था। और उसी विजय नगर के महाराज ने अब आपको सायणभाष्य को ही दुबारा सुन्दर और नए रूप में छपाने के लिए प्रेरित किया। यह भी एक संयोग और सुयोग ही है।

मूलर—और विजय नगर महाराज के इस अनुदान से यहां के लोगों ने जान लिया कि भारत के लोग केवल बातूनी ही नहीं, वे उदार और कर्मशूर भी हैं ।।७।।

स्टर्डी—सायणभाष्य-सहित ऋग्वेद का दूसरा संस्करण छपाने के लिए भारत के विजयनगराधीश ने धन लगाया, यह बात तो समझ में आती है। किन्तु ईस्ट इण्डिया कम्पनी ने इसका पहला संस्करण छपाने की योजना क्यों स्वीकार कर ली? यह तो बताइये।

मूलर—ठीक पूछा। श्री बर्नूफ ने और मैंने भी सायणभाष्य छपाने के लिए कई स्थानों पर हाथ-पैर मारे। संस्कृत के महान् आचार्य बॉथलिंग्क ने लिखा कि मैं पिटसबर्ग अकादमी से इसे छपवाने को तैयार हूं, किन्तु इसके सम्पादक के रूप में तुम्हारे साथ मेरा नाम भी जायेगा। मुझे उनका यह प्रस्ताव मान्य नहीं हुआ। उसके बाद श्री बॉप्प ने लिखा कि मैं बर्लिन से इसे छपवा सकता हूं, किन्तु भाष्य का आकार तो बहुत बड़ा है। उसे कुछ संक्षिप्त करना होगा। मैंने उनकी यह बात भी नहीं मानी। उन्हीं दिनों इण्डिया हाउस में रखी हुई पाण्डुलिपियां पढ़ने के लिए मैं लन्दन आया। इग्लैण्ड में प्रशिया के राजदूत अद्भुत प्रभावशाली श्री बुन्शेन महोदय उन दिनों वहीं थे। मेरे पिताजी के मित्र होने के नाते वे मुझे भी जानते थे।

स्टर्डी—बहुत अच्छा।

मूलर—ऋग्वेद सायण-भाष्य के प्रकाशन की मेरी योजना सुन वे बहुत खुश हुए।

"कम्पनी के सिवा कोई और देश भारत के इस गौरव-ग्रन्थ को छाप डालेगा तो कम्पनी के लिए यह बड़ी लज्जा की बात होगी" यह कहकर उन्होंने कम्पनी के निदेशक मण्डल से मेरी भाष्य-प्रकाशन योजना स्वीकार करवा ली। और हां, इस लम्बे प्रकाशन कार्य में केवल दो बार एक-एक वर्ष की रुकावटें आई थीं।

स्टर्डी—वह व्यवधान क्या था ?

मूलर—पहले तो भारत में सैनिक विद्रोह के कारण ईस्ट इण्डिया कम्पनी के अधिकारी भारत से उस वर्ष विद्वानों से भाष्य की पाण्डुलिपियों की प्रतिलिपि करवा कर भेज नहीं पाए। और दूसरी बार जहाज के समुद्र में डूब जाने से उसमें लायी जा रही पाण्डुलिपियां भी नष्ट हो गयीं।

जार्जिना—इस प्रकार—

पच्चीस साल की लगन से ऋग्वेद और उसका सायण-भाष्य छप पाया था ॥८॥

स्टर्डी—आपकी यह वेद की कहानी जितनी मनोहर है, उतनी ही साहस भरी भी।

विवेकानन्द—बिल्कुल ठीक ! यह वेद कथा बड़ी ही अद्भुत, उतनी ही सरस और सर्वथा नयी है। वेद प्रकाशन का यह इतिहास सुनते-सुनते रोमाञ्च हो आता है। क्योंकि वेद कथा या वेद-चर्चा अथवा वेदपाठ सुनकर मैं पुलकित हो उठता हूं ॥९॥

जार्जिना—मेरे पतिदेव ने तो ऋग्वेद के छहों खण्ड लोकमान्य तिलक को भी भेंट-स्वरूप भेजे थे।

मूलर—तिलक जी की विद्वत्ता भी अपार है। ओरायन मृगशीर्ष नामक उनकी वेदकाल-निर्णय सम्बन्धी छोटी-सी पुस्तिका को पढ़कर मैं चकित रह गया।

जार्जिना— इन्होंने तो पत्र-पत्रिकाओं में लेखों और पत्रों के द्वारा इल्बर्ट बिल का भी भरपूर समर्थन किया था। भले ही अन्य सभी अंग्रेजों ने उसका घोर विरोध ही क्यों न किया हो।

मूलर—इस विधेयक के द्वारा भारतीय न्यायाधीशों को अंग्रेजों के मुकदमें सुनने का अधिकार मिल गया। क्योंकि मैं मानता हूं भारत के न्यायाधीश सर्वथा योग्य और निष्पक्ष होते हैं।

विवेकानन्द—आपकी 'इण्डिया ह्वाट् इट् कैन टीच अस' नामक पुस्तक तो आद्यन्त भारतभक्ति की परिचायिका है। अब आप भारत कब आ रहे हैं?

मूलर—स्वामी जी, इस बारे में तो मैं यही कहना चाहूंगा—

वाराणसी में वास, गंगा में गोते लगाना और वेदवेदान्त का स्वाध्याय; ये तीनों मुझे बहुत प्रिय हैं ॥१०॥

और हां (गद्गद् होकर)—

यदि मैं भारत पहुंच गया तो फिर वहां से लौटूंगा नहीं। आप लोगों को वहीं मेरा दाह संस्कार करना होगा ॥११॥

स्वामी जी, मैं अपनी कुछ नयी पुस्तकें लेकर आता हूं। तब तक आप ये पुस्तकें देखिये (मेक्समूलर पुस्तकें लेने जाते हैं।)

स्टर्डी—स्वामी जी! ये तो सब मेक्समूलर की लिखी या सम्पादित पुस्तकें हैं। देखिए ये हैं—ऋग्वेद के छह खण्ड, और यह रहा ऋग्वेद के ही दूसरे संस्करण का पहला खण्ड। (अनेक पुस्तकें दिखाते हैं)

विवेकानन्द—मेक्समूलर का तो सारा जीवन ही संस्कृत प्रेम और भारत-भक्ति का परिचायक है। जैसा भारत प्रेम इनमें है, काश! हमें उसका सौवां हिस्सा भी मिल पाता। अपरा विद्या से परा विद्या की ओर अग्रसर होने वाले उपनिषदों के गूढ़ तत्त्व का साक्षात्कार कर लेने वाले, वेद के इस विद्वान् के यहां आकर मुझे लगा कि आज मैं वसिष्ठ और अरुन्धती, के आश्रम में आ पहुंचा हूं।

स्टर्डी—मुझे भी ऐसा ही लग रहा है।

विवेकानन्द—स्टर्डी महोदय आपने कुछ ध्यान दिया?

भारतागमन की चर्चा आने पर मेक्समूलर की आंखें भर आई थीं। निश्चय ही पिछले जन्म में ये कोई पण्डित रहे होंगे। जैसा कि कालिदास ने कहा है—

जन्मान्तरों के संस्कार सदा बने रहते हैं, इसलिए मनुष्य कभी किसी विशेष प्रसंग के आने पर भाव-विह्वल हो उठता है।

(मेक्समूलर पुस्तकें लेकर आते हैं।)

मूलर—अहा कालिदास······(रम्याणि वीक्ष्य···इत्यादि श्लोक पढ़ते हैं और स्टर्डी भी उसी श्लोक को दुहराते हैं।)

जार्जिना—(स्टर्डी की ओर देखकर) तो क्या आप भी संस्कृत जानते हैं।

स्टर्डी—क्यों नहीं। मैंने तो भारत में ही संस्कृत पढ़ ली थी और अब स्वामी जी के सान्निध्य में तो उसका अभ्यास खूब हो गया है।

विवेकानन्द—मान्यवर! आजकल सारे संसार में मेरे गुरु श्रीरामकृष्ण परमहंसजी की पूजा हो रही है।

मूलर—यह तो ठीक ही है, क्योंकि—

धर्म के जीते जागते रूप परमहंस महात्मा श्रीरामकृष्ण के सिवा इस समय इस संसार में और कौन है, जिसकी पूजा की जा सके ॥१२॥

स्वामी जी हां, यह मेरी बिल्कुल नयी रचना है।

विवेकानन्द—(देखकर) यह तो मेरे गुरुदेव परमहंस श्रीरामकृष्ण महाराज की आपकी लिखी जीवनी है। इसे पाकर तो मैं गद्‌गद हो गया। इसके लिए मैं भला आपका क्या उपकार कर सकता हूं।

मूलर—स्वामी जी, जर्मनी के महामहिम सम्राट् और महामान्या सम्राज्ञी विक्टोरिया से मुझे सर्वोच्च अलंकरण मिल चुके हैं। मैं प्रीवी कौन्सिल का सदस्य भी हूं। यश और सम्मान भी मेरा है ही, सबसे बढ़कर आप जैसे महात्माओं और मित्रों का पुनीत प्रेम भी मुझे प्राप्त है। सभी कुछ तो भगवान् की कृपा से मिला हुआ है। फिर भी वाग्देवता की कृपा हो तो कविकुल-गुरु कालिदास की भावना के अनुसार मैं चाहूंगा कि—

(भरत-वाक्य)

इस भूमण्डल पर और विशेषतः इस देश इंग्लैण्ड में भारत भूमि का मान बढ़े और वेदवाणी की महिमा भी सदा बढ़ती रहे। अपने गुणगणों के गौरव से सर्वत्र सम्मानित और सारे विश्व की कल्याण-कामना करने वाले विद्वान् लोग सदा सब प्रकार से सुखी और प्रसन्न रहें।

(पर्दा गिरता है।)

तीसरा अंक समाप्त

इसके साथ ही 'मोक्षमूलर वैदुष्यम्' नाटक समाप्त।

परिशिष्ट

B. G. TILAK & KIELHARN SPAKE THUS—

The death of Prof. Max Mueller has deprived England of one of her greatest scholar and India of one of her warmest friends abroad.

This general benefactor of the world had claimed India specially as his own and no ordinary reasons would be enough to wholly account for the love he bore for this country. A great Sanskrit poet has said that "some mysterious cause always binds together certain things in this world; and love and sympathy are never influenced by mere external circumstances." This proposition was never so true as in the case of Max Mueller, who though he had never even so much as seen India, still regarded this country as his own motherland.

We all know how he was delighted to call himself *Moksha Mulara Bhatta* a Sanskritised name, in preference to his Christian name Max Mueller. And we also know that those among us who have any idea of his love for and deep studies in Sanskrit literature always liked to indulge in thinking of him as an old reverend Rishi.

It is suggested by certain Anglo-Indian cynics that a visit to India would have disturbed the comfortable conception of Indian Society, which the learned Sanskritist 'had evolved in the placid processes of philosophical evolution', and that he would then have realised how the India of the classics is quite different from India as the Anglo-Indians know and the statesmen and administrators have to deal with. We all know what this means. But we think it to be a presumption on the part of these cynics to suppose that Max Mueller was ignorant of the difference between the real condition of India and the condition as depicted by its classics. For the Professor knew for a fact such difference with regard to England and other Christian countries,

and there is ample reason to suppose that his love for India was not the result of self-deception notwith-standing his cognisance of such difference with regard to this country. In his preface to his *Chips from a German Workshop*, Max Mueller tells us that he would "never forget that deep despondency of a Hindu convert, a real martyr to his faith, who had Pictured to himself from the pages of the New Testament what a Christian country must be, and who, when he came to Europe, found everything so different from what he had imagined in his lonely meditations at Benares." This completely refutes the theory that Max Mueller's love for India and her people was based on ignorance of human nature. The Professor was by no means the first among Europeans to disclose elements in the Sanskrit literature and the Hindu religion which entitled the Hindus to appreciation and admiration by foreigners. The work was begun by others before him nearly a century earlier; and the names of Wilkins, Jones, Humboldt, Herder, Schlegel, Goethe, Burnouf and others are not unknown to us. But it was reserved to him to carry the work much further, make it thorough, and make it permanent. To him more than to any other orientalist, India owes that while the regions of her classics were succesfully explored to the enlightenment of the Europeans, her good name and her real merits were for ever installed on an intellectual eminence which was a surprise and wonder to the Christian countries of the West. While enriching the English literature with some of the best ideas from the Sanskrit literature both in religious philosophy as well as the philosophy of religion, Max Mueller earned for India esteem, admiration and regard which alone are the redeeming features of the present condition of this unfortunate country. He who bestow on this country charity or a political privilege may deserve our thanks. But he, who, like Max Mueller, spreads to the wondering eyes of the world the beauties of the Hindu religion and literature, and who establishes the superiority of Hindu philosophy, renders us a service which cannot be too highly valued in these days.

Personally Max Mueller was a noble example of learning benevolence and cosmopolitan spirit all combined in one.

It is true that being born in Germany, he adopted England as his second home; and sailed through all his life in

the interest of India. But all this is very natural in one who was so large-minded and Catholic as to cheerfully recognise that the Aryans were the true ancestors of the Teutonic race and that the Veda is the oldest book in which the first beginnings of the English language and all that is embodied in the language are to be found. Being a Christian he faithfully stuck to that religion throughout his life. But as no one could be more Christian in spirit than he, so also no one was more alive to the defects of Christianity than he was. "To each individual," he has said, "his own religion, if he really believes in it, is something quite insepa-rable from himself—something unique that cannot be compared to anything else or replaced by anything else. Our own religion is in that respect something like our own languages. In its essence and in its relation to ourselves it stands alone and admits of no peer or rival."

Fram The Mahratta, *Sunday, Navember 4, 1900*

To-day, after a lapse of more than fifty years, we can only realise with an effort the great difficulties which Max Mueller had to overcome, before he could publish the first volume of his edition of the *Rigveda*, a volume which was exclusively his own work. An edition of the text only of the Vedic Hymns would have been useful, and comparatively easy, for this text has been handed down to us for more than two thousand years unaltered. Max Mueller determined from the first, and this will always be his great glory, to prepare a critical edition of the Indian Commentary, not of small portions only, chosen at will, but in its entirety. People have disputed warmly as to the value of the native Commentary. But in any case we *must* know the so-called traditional explanation of the Vedic text. When Max Mueller began his task there was no perfect lexicon, still less editions of the innumerable texts incessantly quoted by the commentator. Now, we possess, besides the great St. Petersburg Dictionary, complete texts of the extensive gramma-tical literature, and yet every one would confess that it is even

now by no means easy to understand Sayana's Commentary in all parts. Max Mueller had these works only in more or less imperfect manuscripts, he had himself to construct their texts, and to provide at least the most important with indices, before he could even enter on his own special work. It is every where acknowledged that he accomplished this task brilliantly. Any one who watched him, as I did, labouring at the Vedas, knows how conscientiously he worked, and that he was not the man to print a single line of the Commentary, until he had thoroughly conquered its meaning. Did we possess but the first volume of his *Rigveda*, we must place Mueller amongst the first Sanskrit scholars of the last century.

I must mention also two epoch-making works which Max Mueller brought out during the publication of his *Rigveda* : His careful edition of the *Rigveda Pratishakhya*, and his *History of Ancient Sanskrit Literature*, which is not even now superseded by any other work. The enormous amount of this literature, the inaccessibility of its monuments, and the circumstance that they are so difficult to understand, required long-continued and indefatigable study, united to most uncommon sagacity. We all owe Max Mueller a deep debt of gratitude, not only for all he himself brought to light, but for the paths whic h he opened up for future workers.

Extracts from Dr. Kielhorn's Paper on Max Mueller as quoted in The Life and Letters of Max Mueller, *Vol. II, p. 433*

नाटककार की पूर्व प्रकाशित अन्य रचनाएं

१. हमारा हिन्दी साहित्य और भाषा-परिवार—(हिन्दी साहित्य का इतिहास) तृतीय परिवर्धित संस्करण छप रहा है। मूल्य ३५/-

२. हिन्दी कवि सर्वस्व—(हिन्दी के पुराने कवियों का विवेचनात्मक अध्ययन—श्री रामधारीसिंह दिनकर की भूमिका सहित), तृतीय संस्करण छप रहा है। मूल्य १२/-

३. वीसलदेवरासो—(नरपतिनल्ह-कृत राजस्थानी का प्रथम काव्य) संपादन। मूल्य ८/-

४. द्वापर—एक अध्ययन। मूल्य १२/-

६. दिव्य-जीवन—जैनाचार्य पूज्य श्री काशीरामजी महाराज का जीवन-चरित। मूल्य ५.००

७. छन्दोऽलङ्कार दीपिका—(नवीन परिवर्धित सस्करण छप रहा है)।

८. आदर्श संस्कृत-व्याकरण—(परिवर्धित नवीन संस्करण छप रहा है।)

९. प्राचीन भारतवर्ष ,,

१०. आदर्श निबन्ध निकुञ्ज ,,

११. विचार और विश्लेषण—(निबन्ध संकलन) ,,

१२. महाभारत—मूल व नीलकण्ठी टीका के हिन्दी अनुवाद के साथ प्रथम खण्ड आदिपर्व के १४५ अध्याय तक। मूल्य ४/-

१३. नित्यकर्म-प्रकाश

डा. त्रिवेदी की शीघ्र प्रकाशित होने वाली रचनाएं

१. संस्कृतं यूरोपीया भाषाश्च

२. संस्कृतम् इरानीया भाषाश्च

४. शाहनामा—(महाकवि फिरदौसी-कृत ऐतिहासिक महाकाव्य)
फ़ारसी भाषा व लिपि तथा देवनागरी में मूल-पाठ, भाषानुवाद व फ़ारसी शब्दों के संस्कृत-प्रतिरूपों के साथ)।

५. गुलिस्तान—(महात्मा शेखसादी-कृत)। ,, ,,

६. रूबाइयाते उमरखय्याम— ,, ,,

७. संस्कार-प्रकाश

८. कालिदास के काव्यों में भौगोलिक तत्त्व (शोध-प्रबन्ध)

९. फ़ारसी स्वयं-शिक्षक—(संस्कृत-हिन्दी के साथ तुलनात्मक-पद्धति पर)

१०. दयानन्ददिग्विजयम् नाटकम्—(भाषानुवाद-सहित)

११. अरविन्दसौरभम् ,, ,,

१४. गान्धिगौरवम् ,, ,,

१५. श्री साईचरितम् ,, ,,

१६. विवेकानन्दवैभवम् ,, ,,

१७. विक्रमादित्यविजयम् ,, ,,

१८. विविधा पत्र-पत्रिकाओं में पूर्व-प्रकाशित सामाजिक सांस्कृतिक, धार्मिक ऐतिहासिक आदि विविध-विषयों से सम्बद्ध लेखों का